आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसका विषय है आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना। इस वेबिनार में औद्योगिक विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में महारत हासिल करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नींव को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे दूरदर्शी सुधारों पर चर्चा की जाएगी। वेबिनार में उद्योग जगत के प्रतिभागियों के जमीनी अनुभव से प्राप्त मार्गदर्शन प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होगा।

हर्षवर्धन

पश्चिमी एशिया में संघर्ष और तनाव की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार भी पूरी तरह अलर्ट मूड़ पर है और स्थिति पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं। ये जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया में रह रहे हिमाचल के सभी नागरिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विदेश मंत्रालय से लगातार संपर्क में है और पता लगाया जा रहा है कि प्रदेश के कितने लोग प्रभावित क्षेत्र में मौजूद है।

बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में आज से 10वीं और जमा दो कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए 2 हज़ार 3 सौ 84 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं। प्रदेश में इस बार एक लाख 84 हज़ार से अधिक नियमित और एस.ओ.एस श्रेणी के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नकल रोकने के लिए सात स्तर की विशेष व्यवस्था लागू की है। बोर्ड मुख्यालय में विशेष मॉनेटरिंग कक्ष स्थापित किया गया है जहां स्क्रीन के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा बोर्ड ने औचक निरीक्षण के लिए विशेष उड़न दस्तों का भी गठन किया है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इन परीक्षाओं को छात्रों के परिश्रम धैर्य और आत्मविश्वास को नई पहचान देने वाला कहा।

शहरी निकाय

प्रदेश में नगर–निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने पांच शहरी निकायों में पुनर्सिमांकन शेड्युल जारी किया है। इनमें बिलासपुर में नगर पंचायत झंडुता और स्वारघाट, हमीरपुर में नगर परिषद नादौन, सिरमौर में नगर पंचायत संगड़ाह और ऊना में नगर पंचायत बंगाणा के वोर्डों का पुनर्निधारण होगा। शेडयूल के अनुसार आज पुनर्सिमांकन का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा जबकि 10 मार्च तक आम लोगों से आपत्तियां व सुझाव मांगे गए हैं। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने बताया कि इस शेड्यूल को पूरी पारदर्शिता और संवैधानिक मानकों के तहत 30 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

होली

रंगो का पर्व होली को लेकर प्रदेश भर में उत्सव जैसा माहौल बना है। जहां एक ओर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में होली मेलों की धूम है वहीं बाज़ारों में रौनक देखने को मिल रही है। इस बार प्रदेश में लोग हर्बल रंगों की खरीददारी को प्राथमिकता दे रहे हैं।

डिस्पैच–– आपसी मेल–मिलाव, सौहार्द व खुशियों के पर्व होली को लेकर प्रदेश भर के बाज़ारों में रौनक बढ़ गई है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकतर बाज़ारों में इस बार लोग व खासकर बच्चे त्वचा का ध्यान रखते हुए हर्बल रंगों को खरीदने के लिए प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं दुकानदारों का मानना है कि मंहगाई के बावजूद भी लोग हर्बल गुलाल प्राथमिकता के आधार पर खरीद रहे हैं।

इधर कुल्लू में होली की शुरूआत बसंत पर्व के दिन से होती है। इस दिन से लगातार 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ पर गुलाल चढ़ाया जाता है। आज 40वां और अंतिम दिन है जिसके चलते आज शाम भगवान रघुनाथ जी के बेड़े में होलिका दहन की रस्म निभाई जाएगी, जिसे स्थानीय भाषा में फाग रस्म कहा जाता है। इसके पश्चात इस क्षेत्र में रंगों से होली नहीं मनाई जाती।

किसान संगोष्ठी

मंडी जिला के कृषि विकास खंड करसोग के सेरी बंगलो में आत्मा परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान सगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की पांच पंचायतों से लगभग सौ किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को जागरूक करना रहा।

अग्निवीर भर्ती

अग्निपथ योजना के तहत मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिलों के अभ्यर्थी जिन्होंने 2025 की लिखित परीक्षा उतीर्ण की थी जिनके लिए भर्ती रैली 22 से 30 मार्च तक मंडी जिला के पंडोह में आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने बताया कि लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड अधिकारिक वैब साइट पर जारी कर दिए गए हैं।